## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- जीएसटी दरों में कटौती के कारण त्योहारों के दौरान देश के खुदरा क्षेत्र में अब तक की सर्वाधिक बिक्री। रिकॉर्ड पांच लाख चालीस हजार करोड़ रुपये का कारोबार।
- सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर सहित विभिन्न अभियानों के दौरान अदम्य साहसिक कार्यों के लिए रक्षा कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रशस्ति पत्र प्रदान करने लिए राजपत्र अधिसूचना जारी की है।
- ग्रामीण विकास और पंचायत निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा ने कन्यापुरम ग्राम पंचायत का दौरा कर सीसी सड़क के नवीनीकरण का उद्घाटन किया।
- खेलो इंडिया योजना के तहत द्वीपसमूह में अगले महीने 5 और खेलो इंडिया केंद्र शुरू किए जाएँगे।

<><><><><><><>

भारत के खुदरा क्षेत्र ने इस वर्ष नवरात्रि से दीपावाली के त्योहारों के बीच अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की है। जिसमें वस्तुओं का व्यापार अभूतपूर्व रूप से पांच दशमलव चार लाख करोड़ रुपये और सेवाओं का व्यापार 65 हज़ार करोड़ रुपये तक पहुँच गया। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ–कैट द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण से पता चला है कि इसी अवधि के दौरान पिछले वर्ष की तुलना में कुल कारोबार में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 72 प्रतिशत व्यापारियों ने बिक्री में वृद्धि दर्ज की, जिसका श्रेय मुख्य रूप से जीएसटी दरों में कमी को दिया जा सकता है। त्योहारों के दौरान कन्फेक्शनरी, गृह सज्जा, जूते–चप्पल, रेडीमेड वस्त्र, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएँ और दैनिक उपयोग की वस्तुओं जैसी प्रमुख उपभोक्ता और खुदरा श्रेणियों में जीएसटी दरों में कमी से मूल्य प्रतिस्पर्धा में उल्लेखनीय सुधार हुआ और खरीदारी में तेजी आई।

<><><><><><><>

सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर सहित विभिन्न अभियानों के दौरान अदम्य साहसिक कार्यों के लिए रक्षा कर्मियों को वीरता पुरस्कार प्रशस्ति पत्र प्रदान करने लिए राजपत्र अधिसूचना जारी की है। राजपत्र में शामिल प्रशस्ति पत्र वायु सेना और थल सेना के कर्मियों के लिए हैं। कर्नल कोषांक लांबा को गोलाबारी के बीच असाधारण वीरता, पराक्रम और साहस का प्रदर्शन करने के लिए वीर चक्र से सम्मानित किया गया है। लेफ्टिनेंट कर्नल सुशील बिष्ट को भी वीर चक्र से सम्मानित किया।

लड़ाकू पायलट ग्रुप कैप्टन रणजीत सिंह सिद्धू को चयनित लक्ष्यों पर प्रभावी स्ट्राइक मिशनों में स्क्वाड्रन की कमान संभालने के लिए वीर चक्र से सम्मानित किया गया है। ग्रुप कैप्टन अनिमेष पाटनी को संसाधनों की रक्षा करते हुए दुश्मन को भारी नुकसान पहुंचाने के लिए वीर चक्र से सम्मानित किया गया है। इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों के लिए 127 वीरता पुरस्कारों और 40 विशिष्ट सेवा पुरस्कारों को मंजूरी दी थी।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष बातचीत में द्वीपसमूह में ऑटो मोबाइल और उपकरण क्षेत्र से जुड़े व्यवसायी ने जीएसटी सुधार से मिल रहे लाभ के बारे अपने विचार साझा किए।

<><><><><><>

ग्रामीण विकास और पंचायत निदेशक डॉ. अपूर्व शर्मा ने पंचायत समिति, फरारगंज के अंतर्गत कन्यापुरम ग्राम पंचायत का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने वार्ड संख्या 5 में गाँव की सीसी सड़क के नवीनीकरण का उद्घाटन किया। इसका उद्देश्य सड़क संपर्क में सुधार और निवासियों के लिए सुगम आवागमन को सुगम बनाना है। इसके अलावा उन्होंने टापू बस्ती में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने वार्ड संख्या 9 में दुर्गा पूजा मंडप के नवीनीकरण और विद्युतीकरण कार्य का भी उद्घाटन किया।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से खेलो इंडिया योजना के तहत अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में 4 गैर–आवासीय खेलो इंडिया केंद्र शुरू किया गया है। इसी क्रम में अगले महीने 5 और खेलो इंडिया केंद्र शुरू किए जाएँगे। इस पहल का उद्देश्य युवा खेल प्रतिभाओं की पहचान करना और उन्हें विभिन्न खेलों में निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करना है। इन केंद्रों में पूर्व चैंपियन एथलीटों को कोच या मेंटर के रूप में नियुक्त किया गया है। 10 से 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी इच्छुक लड़के और लड़कियां इन खेलो इंडिया केंद्रों पर निःशुल्क खेल कोचिंग कक्षाओं में शामिल हो सकते हैं। इन 9 खेलो इंडिया केन्द्र के अलावा, नेताजी खेल परिसर में 1 दिसंबर से बैडमिंटन, साइकिलिंग और तैराकी जैसे खेलों के लिए एक खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र शुरू किया जाएगा। इस उत्कृष्टता केंद्र में 10 से 20 वर्ष आयु वर्ग के इच्छुक लड़के और लड़कियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

<><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के तहत कल समग्र क्षेत्रीय केंद्र को एक अत्याधुनिक स्मार्ट बोर्ड दान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष साहू, आर सेती के निदेशक सी. राज और मुख्य प्रबंधक के.एन. राजू ने औपचारिक रूप से स्मार्ट बोर्ड सीआरसी की निदेशक सुमितामोल को सौंपा। क्षेत्रीय प्रबंधक ने कहा कि इस सीएसआर पहल के माध्यम से क्षेत्र में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा।

<><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से खगोल–पर्यटन गाइड प्रशिक्षण कार्यशाला का दूसरा चरण कल शहीद द्वीप में शुरू हुआ। ओपन स्पेस फाउंडेशन और सी–एसटीईआरसी के सहयोग से आयोजित श्री विजयपुरम में पहली कार्यशाला की सफलता के आधार पर, यह चरण मौजूदा खगोल–पर्यटन बुनियादी ढांचे का लाभ उठाने और स्थानीय क्षमता में सुधार पर केंद्रित है। सत्र के दौरान खगोल विज्ञान के मूल सिद्धांतों, खगोल–पर्यटन अवधारणाओं और दूरबीन संचालन एवं अवलोकन पर जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने खगोल विज्ञान और सौर अवलोकन का भी अध्ययन किया। प्रशासन के सहयोग से आयोजित, इस पहल का उद्देश्य अंडमान को एक डार्क स्काई और सतत खगोल–पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित

करना, समुदाय–नेतृत्व वाले संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और नवीन पर्यटन मॉडल को बढ़ावा देना है। इस कार्यशाला में 53 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><>

कर्मचारी चयन आयोग 12 नवम्बर से संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तरीय (टियर–1) परीक्षा आयोजित करने जा रहा है। आयोग ने उम्मीदवारों द्वारा परीक्षा के लिए सेल्फ–स्लॉट चयन की सुविधा शुरू की है, ताकि उन्हें अपनी पसंद के अनुसार परीक्षा शहर, तिथि और पाली चुनने की सुविधा मिल सके। उम्मीदवार पोर्टल आज से 28 अक्टूबर तक खुला रहेगा। अधिक जानकारी आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

<><><><><><><>